पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गोमती उत्सव का उद्घाटन किया
गंगा और गोमती को साथ लेकर चलें - श्री नाईक

लखनऊः 5 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज संस्कृत विद्यापीठ प्रागंण में आयोजित प्रथम गोमती उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पद्मभूषण गोपाल दास नीरज, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। गोमती उत्सव का आयोजन गोमती नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाये जाने तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि से श्री रामकृष्ण यादव, कवि एवं पत्रकार श्री सर्वेश अस्थाना व उनके सहयोगियों के प्रयासों से किया गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी को दीपावली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश में नदियाँ आस्था का विषय हैं। गंगा और गोमती को साथ लेकर चलें। देश की सभी नदियों को निर्मल बनाने के लिए जनजागरण की जरूरत है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गंगा महोत्सव काफी दिनों से आयोजित किया जा रहा है, ऐसे में गोमती उत्सव का आयोजन प्रसंशनीय है। गोमती उत्सव अपने सांस्कृतिक इतिहास के साथ शानदार उत्सव के रूप में याद किया जाये, इसका भी प्रयास किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर शिक्षा, चिकित्सा, कला, खेल तथा समाज सेवा से जुड़ लोगों को शॉल, प्रशस्ति पत्र व पुष्प गुच्छ देकर गोमती गौरव सम्मान से अलंकृत किया। राज्यपाल ने पूर्व महापौर लखनऊ पद्मश्री डॉ0 एस0सी0 राय, श्री प्रकाश सिंह अवकाश प्राप्त आईपीएस, श्री श्रीराम अरूण अवकाश प्राप्त आईपीएस, डॉ0 सुनील प्रधान, श्री जगदीश गांधी, श्री योगेश प्रवीन, श्री सचिव अग्रवाल, न्यायमूर्ति एच0एन0 तिलहरी, श्री अवनीश विद्यार्थी, प्रो0 कमला श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार योगेश मिश्रा, सुश्री निगहत खान, श्री अनूप कुमार, श्रीमती पद्मा गिडवानी, श्री के0कान्त अस्थाना, डॉ0 अशोल पाण्डे, श्री चन्द्र किशोर रस्तोगी, श्री सुशांत त्रिपाठी, श्रीमती मनोरमा लाल, डॉ0 अनिल सिंह, सुश्री सरिता श्रीवास्तव, मास्टर तनमय चतुर्वेदी, श्री अशोक बाजपेयी, सिन्धी समाज के प्रतिनिधि श्री मुरलीधर आहूजा, श्री जयन्त कृष्णा सहित अन्य विशिष्टजनों को गोमती गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को गोमती नदी को निर्मल बनाने के लिए शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में प्रख्यात भोजपुरी गायक/कलाकार एवं सांसद श्री मनोज तिवारी ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में श्री सर्वेश अस्थाना ने गोमती उत्सव के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा आयोजक श्री रामकृष्ण यादव ने स्वागत उद्बोधन दिया।

BIKANERVALA
DAYAL PARADISE
Avika
HELP
Dream
संस्थान

गोमती
उत्सव
Dreamz
FILM
PRODUCTIONS